Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 19-04-2022 | अंक 201

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## 42 वे बीडीओ के रूप में क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने किया पदभार ग्रहण

### गरीबो को उनका वाजिब हक दिलाना मेंरी प्राथमिकता : क्रिस्टीना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

नव पदस्थापित बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। बरही अंचलाधिकारी अर. विंद देवाशीष टोप्पो एवं प्रखंड कार्यालय के अन्य कर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सीओ श्री टोप्पो ने उन्हें पदभार सौपा। बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने बताया कि उनके पिता का नाम ए इंदवार है जो रिटायर्ड एसपी (पलामू) है और माता का नाम डॉ अनिमा हांसदा है। अपनी प्रा. थमिकता की जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि फिलहाल पंचायत चुनाव शांति पूर्ण तरीक़े से संपन्न कराना उनकी प्राथमि. कता है। पंचायत चुनाव के बाद बरही को आदर्श प्रखण्ड के तौर पर स्थापित करना उनकी प्राथ. मिकता रहेगी।। गरीब अभिवंचित वर्ग के लोगो तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचाने एवं उन्हें उनका अधिकार दिलाने का प्रयास करेंगी। पीएम आवास योजना को लाभ योग्य एवं पात्र लोगों को उपलब्ध कराएंगी। मनरेगा योजना के माध्यम से रोजगार सृजन करने का काम करेंगी। कहा कि बरही हमारी पहली पोस्टिंग है। पहली पोस्टिंग में विकास कर एवं यूनिक कार्य कर यादगार बनाना चाहती हूं।



नव पदस्थापित बीडीओ का स्वागत करते सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो













डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## निर्वतमान पंचायत समिति सदस्य की पत्नी आशा देवी ने किया पंसस के लिए नामांकन दाखिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


नामांकन दाखिल करती आशा देवी

दुलमहा पंचायत के निर्वतमान पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र गिरी की पत्नी आशा देवी ने मंगलवार को पंचायत समिति सदस्य पद के लिए अपना पर्चा दाखिल की। उन्होंने नॉमिनेशन से संबंधित सारी कागजात निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ पूनम कुजूर को सौंपा। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने बताया कि उनके पति जितेंद्र गिरी ने अपने पंचायत के विकास के लिए कई काम किए। लोगों के दुख सुख में सहभागी बने रहे। हम उनके अधूरे बचे कार्य को पूरा करने के लिए चुनाव मैदान में आई हूं। गरीब, अभिवंचित लोगो को उनका वाजिब हक दिलाना उनकी प्रा. थमिकता रहेगी।

## एकल विद्यालय को स्वावलंबी बनाने के लिए जन सहयोग जरूरी : अभिषेक

### एकल अभियान हज़ारीबाग़ अंचल समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में मौजूद एकल विद्यालय से जुड़े लोग

एकल अभियान हज़ारीबाग़ अंचल की बैठक धनबाद रोड बरही स्थित कृति चौरसिया जी के आवास पर हुई। अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष दयानंद चौरसिया एवं संचालन अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। एकल अभियान हज़ारीबाग़ के भाग अध्यक्ष अभिषेक कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में एकल अभियान के संच. ालन, हरि कथा योजना, एकल विद्यालय को स्वालम्बी बनाने एवं पंचमुखी शिक्षा योजना के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। भाग अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि संगठन के वितीय सहयोग से 30 सालो से एकल विद्यालय का संच. ालन किया जा रहा है। लेकिन हमलोगों का दायित्व है कि अब हज़ारीबाग़ अंचल को स्वालम्बी बनाया जाय। इसके लिए जनसहयोग जरुरी है। इसके लिए एकल ग्राम में बैठक कर जन जागृति लाने का प्रयास किया जाएगा। कहा कि संगठन सेवा की सोच रखने वाले लोगों से संपर्क करना होगा। निर्णय लिया गया कि पंचमुखी शिक्षा योजना के लिए बनी सभी उप समितियों की सामूहिक बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रुप दिया जाएगा। इस कार्य के लिए अंचल अध्यक्ष को जिम्मेवारी दी गई। एकल ब्यास सुनील कुमार एवं ग्राम स्वराज्य मंच प्रभारी प्रो हिरामन साहू ने हरि कथा योजना के माध्यम से एकल अभियान एवं एकल विद्यालय को स्वालम्बी बनाने के लिए जरुरी सुझाव दिए। एकल ग्राम स्तर पर हरि कथा कार्यक्रम को करने का भी निर्णय लिया गया। प्रा. थमिक शिक्षा प्रभारी सुरेश साव ने एकल विद्यालय को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में अभिषेक कुमार, प्रो हिरामन साहू, दयानंद चौरसिया, मनोज केशरी, डॉ भैरव शंकर अग्रवाल, किशोरी मोहन पांडेय, सुरेश साव, ओम प्रकाश कुमार, कपिल महतो, संदीप चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## मंगलवार को सात मुखिया प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए बरही प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को सात मुखिया प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल करवाया। नामांकन दाखिल करवाने वाले प्रत्याशियों में बरही पश्चिमी पंचायत से अनीता देवी, बेंदगी पंचायत से सिकंदर राना, कोनरा से सुनीता देवी, मलकोको पंचायत से विजय कुमार यादव, केदारूत पंचायत से रेखा देवी एवं भंडारे पंचायत से मरियम खातून शामिल है। वहीं वार्ड सदस्य से कुल 26 लोगो ने नाम दाखिल करवाया जिसमें बेंदगी पंचायत से एक, रसोइया धमना पंचायत से चार, बरही पश्चिमी पंचायत से एक, कोनरा पंचायत से एक, पंचमाधव पंचायत से एक, करसो पंचायत से तीन, भंडारों पंचायत से सात, विजैया पंचायत से एक, दुलमाहा से दो, कोल्हुआकला से एक, करियातपुर से एक, धनवार से दो एवं रानीचुवा से एक सदस्य शामिल है। जिसमे 17 महिला एवं 9 पुरुष शामिल है। लेकिन कुछ प्रत्याशी ऐसे भी है जो 21 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश का इंतजार कर रहे है, और चुनाव टलने के डर से नामांकन नहीं करवा रहे है।


## बरही पश्चिमी क्षेत्र के जीप उम्मीदवार कुंती देवी ने अपने क्षेत्र के कई गावों का किया दौरा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


कुंती देवी भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

बरही पश्चिमी भाग 4 से जीप उम्मीदवार कुंती देवी ने मंगलवार को अपने क्षेत्र के देवचंदा, केदारूत, खैरोन, कटियोन एवं झूम. रडीह में पहुंचकर जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं मौजूद ग्रामीणों ने रोड, नाली एवं पेयजल की हो रही समस्या से उन्हें अवगत कराया साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी ग्रामीणों के साथ विकास के नाम पर छल किया गया है। वहीं जीप उम्मीदवार कुंती देवी मौजूद सभी ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप सब आप सभी के समस्या का जरूर निदान होगा एक बार मुझे पर भरोसा करे और मुझे सेवा करने का अवसर दे। वहीं उन्होंने मौजूद म. हिलाओं, बुजुर्गो एवं युवा साथियों से मुलाकात कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। साथ ही साथ जन. संपर्क में शामिल सभी महिला एवं पुरुषो ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस दौरान सामा. जिक कार्यकर्ता तापेश्वर प्रसाद भी शामिल थे। मौके पर प्रदीप सिंह, उपेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, विकास सिंह, मनोज सिंह, अभिमन्यु सिंह, राजकुमार सिंह, दिगम्बर सिंह, गौतम चंद्रवंशी, उपेंद्र चंद्रवंशी, भ. पेंद्र चंद्रवंशी, कैलाश राम, दिलीप राम, अशोक राम, प्रकाश यादव, महेश यादव, मुकेश यादव, शिव शंकर यादव एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




# महात्मा हंसराज ने त्याग व बलिदान के बल पर रखी थी डीएवी की आधारशिला : अशोक सिंह

## डीएवी स्कूल में मनाई गई महात्मा हंसराज की जयंती, निबंध प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में महात्मा हंसराज की 158 वी जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोचार के साथ साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि महात्मा हंसराज त्याग तप और लग्न की जीती जागती मूर्ति थे। उन्होंने अपने त्याग और बलिदान के बल पर डीएवी की आधारशिला रखी थी। जो आज एक विशाल वटवृक्ष के रूप में पूरे विश्व में अपनी जड़े और शाखाएं फैला चुका है। इस अवसर पर प्रतीकआनंद पांडे और दीपक कुमार ने मधुर भजन की प्रस्तुति दी ।राजेश कुमार ,विजय कुमार और आलोक सिंह ने महात्मा हंसराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोगों को उनके जीवन से अवगत कराया। इस अवसर पर कक्षा तृतीय से पंचम वर्ग में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान दीप्ति पांडे 4सी, अक्षिता केसरी 5डी,अपर्णा 5डी ने द्वितीय स्थान और चिरंजीवी 3बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस कार्यक्रम की देखरेख संगीत शिक्षक दीपक कुमार के द्वारा की गई ।कक्षा नवम से द्वादश वर्ग में अंग्रेजी निबंध प्रतियो. गिता में प्रथम स्थान अपर्णा रानी नवम सी,द्वितीय स्थान रिया केसरी दशम डी और तृतीय स्थान निधि गुप्ता दशम डी ने प्राप्त किया । हिंदी निबंध प्रतियोगिता में श्रुति चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में रिया केसरी और श्रुति चौधरी ने महात्मा हंसराज की तस्वीर को जीवंत कर दिखाया ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने सबों को शपथ दिलवाई की वे जीवन में सदा महात्मा हंसराज के दिखाए रास्ते पर चलने का पूरा पूरा प्रयास करेंगे ।




# कपका पंचायत के मुखिया प्रत्याशी के तौर पर 22 अप्रैल को कमल करेंगे नामांकन

## शिक्षा , स्वास्थ्य एवं कृषि कार्य को दी जाएगी प्राथमिकता : कमल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा कपका पंचायत के योग्य एवं शिक्षित कमलेश कुमार उर्फ कमल पिता स्व छोटु महतो ने मुखिया पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। वे 22 अपैल को नामांकन करेंगे उन्होंने पंचायत के सभी गांवों के लोगो को नामांकन में शामिल होने की अपील की उन्होंने कहा वे युवाओं से खाशकर कहना चाहते है कि बिना युवाओं के जोश व बुजुर्गो के आशीर्वाद के बिना पंचायत का विकास नही हो सकता कमलेश(कमल) कपका के वरिष्ठ शिक्षक सह समाजसेवी रामकिसुन महतो के सगे भाई है इनकी शिक्षा एमए बीएड है। दावेदारी पेश करते हुए मुखिया उम्मीदवार कमलेश कुमार(कमल) ने बताया कि पिछले पांच सालों में कपका पंचायत का जितना विकास होना चाहिए था, उतना नही हो पाया। सिर्फ कागजी खानापूर्ति की गई आज भी सरकारी स्क. ूलों में संसाधनो का घोर अभाव है। प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा तो इस पंचायत में नही के बराबर है लोग हजारीबाग व तिलैया के भरोसे रहते है , जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि कपका की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देकर मुखिया बनाती है तो सबसे पहले स्वास्थ्य,शिक्षा व आवास की व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा। शिक्षा में सुधार करना मुख्य प्राथमिकता रहेगी। आंगनबाड़ी से मिलने वाली सुविधा शत प्रतिशत दिलाने का प्रयास रहेगी। महिला सशक्तिकरण पर जोर रहेगा। आवासहीन लोगो को प्राथमिकता के आधार पर आवास मुहैया कराया जाएगा। तहसील कचहरी को चालू कराया जाएगा। कपका पंचायत के किसानों को प्रशिक्षण दिलवाकर कृषि कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी।। उन्होंने कहा कपका के युवा बुजुर्ग व मf. हलाओं से अपील की है कि आप सहयोग करे जिससे कपका, मासीपिरि, बसरिया का सम्पूर्ण विकास किया जा सके ।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर
















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़ा बाजार यूथ विंग ने रोजा खोल कर रक्त दान करने वाले मोहम्मद ताजुदीन को किया सम्मानित

### समाज के प्रति एक मिसाल कायम किया है इन्होंने :- चंद्र प्रकाश जैन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खण्डेलवाल**



बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा लगातार सामाजिक कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है वही 2 दिन पूर्व हजारीबाग शहर के पगमिल निवासी मोहम्मद ताजुद्दीन ने 9 वर्षीय बच्चे को रोजा खोलने के पश्चात रक्तदान देकर मानवता का परिचय दिया था। उसी नेक एवं प्रशंसा कार्य के लिए सोमवार की देर शाम हजारीबाग शहर के महेश सोनी चौक स्थित बड़ा बाजार यूथ विंग के महासचिव चंद्रप्रकाश जैन के आवास पर महासचिव चंद्रप्रकाश जैन सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से शॉल ओढ़ाकर उनको सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, संयोजक विकास केसरी,शाहिद असलम सहित कई लोग उपस्थित थे। मौके पर चंद्रप्रकाश जैन ने कहा की समाज के प्रति आपने एक मिसाल कायम किया है जिसके लिए बड़ा बाजार यूथ विंग आपका हृदय से आभार प्रकट करता है। मौके पर विशाल खंडेलवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को इनसे सीख ले कर रक्तदान अवश्य करनी चाहिए इन्होंने रोजा खोलने के उपरांत 9 वर्षीय बच्चे को रक्तदान देकर मानवता का मिसाल कायम किया है। आपके इस कार्य के लिए बड़ा बाजार यूथ विंग आपके जज्बे को सलाम करती है।

## राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के नाकारात्मक रवैये से क्षुब्ध युवक

### साढ़े चौदह सौ किलोमीटर पैदल यात्रा कर युवक पहुंचा चतरा

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



वर्ष 2015 में निदेशक केतन मेहरा द्वारा निर्मित चर्चित फिल्म मांझी द मा. उंटेन मैन तो सभी को याद ही होगा। जिसमें गांव के विकास में बाधक बने पथरीले पहाड़ को काटने की मांग पूरी होने की उम्मीद को लेकर एक वृद्ध दशरथ मांझी पैदल ही अपने गांव से प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली के लिए निकल जाते है। लेकिन महीनों कठिन परिश्रम के बावजूद उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाती है। बावजूद वह अपनी उम्मीद नहीं छोड़ते हैं। कुछ इसी तरह की उम्मीद अपने दिल में लेकर सरायकेला का एक युवक मुक्ति कांत विश्वाल अपने जिले में निर्मित सुपर स्पेशलिटी हॉ. स्पिटल को सुचारू करने की मांग को लेकर भीषण गर्मी के बीच पैदल ही दिल्ली निकल गया है। बाएं हाथ में तिरंगा, पीठ पर बैग और कंधे पर सांकेतिक शव लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलने की उम्मीद लिये करीब साढ़े 14 सौ किलोमीटर की लंबी पदयात्रा पर निकला युवक 14 दिनों के कठिन यात्रा के बाद आज चतरा पहुंचा। यहां से करीब 2 महीने की और यात्रा कर वह दिल्ली पहुंचेगा। जहां राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का प्रयास करेगा। अपने जिले सरायकेला में स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करते हुए नवनिर्मित सुपर स्पेशलिटी ह०स्पिटल के नियमित संचालन की मांग को लेकर पैदल दिल्ली यात्रा पर निकले मुक्ति कांत ने बताया कि वर्ष 2015 के अप्रैल महीने में सरायकेला दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने वहां के पुराने इस्पात जनरल अस्पताल को सुपर स्पेशलिटी हॉ. स्पिटल में परिवर्तित करने की घोषणा की थी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने ग्रामीण नदी पर ब्रिज निर्माण की भी घोषणा की थी। जिसके बाद वर्ष 2018 में उसने सरायकेला से दिल्ली करीब साढ़े 14 सौ किलोमीटर का पैदल पदयात्रा कर दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात कर अपने किये वादे को याद दिलाने का प्रयास किया था, लेकिन उसकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो सकी थी। हालांकि वर्ष 2019 में कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू हो गया। जो करीब साढे 400 करोड़ खर्च होने के बाद वर्ष 2021 में बनकर तैयार भी हो गया। अस्पताल बनने के बाद मार्च 2021 में राष्ट्रपति के हाथों अस्पताल का उद्घाटन भी हो चूका है। लेकिन उद्घाटन के बाद से आज तक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल राज्य सरकार की लापरवाही के कारण सुचारू रूप से संचालित होने के बजाय बंद पड़ा है। जिससे करोड़ों रुपए खर्च कर बने अस्पताल में इलाज कराने पहुंचने वाले लोगों को जीवनदान मिलने के बजाय उनकी मौत हो रही है। मुक्ति कांत ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलकर केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए सुपर स्पेशलिटी ह०स्पिटल को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन लेकर संचालित करने की मांग करेंगे। उन्हें उम्मीद है कि इस बार कठिन पदयात्रा कर दिल्ली पहुंचने के बाद उनकी मुलाकात राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से जरूर होगी। साथ ही उनकी इस मांग को गंभीरता से लेकर पूरा भी जरूर किया जाएगा। मुक्ति कांत ने यह भी कहा है कि अब तक लंबित पड़े ग्रामीण नदी पर ब्रिज निर्माण की मांग को भी वह प्रधानमंत्री के समक्ष दोहराएंगे। ताकि सरायकेला वासियों की उम्मीद को पंख मिल सके।

## जहरीला सांप काटने से युवक्ती घायल :-सदर अस्पताल में भर्ती

**अपेम लाइव :**
**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**


बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलिया पंचायत के कोडराटांड गांव में मंगलवार सुबह को एक युवक्ती को सांप ने काट ली। जानकारी के मुताबिक बता दे कि कोडराटांड गांव निवासी इस्लाम अन्सारी की बेटी हसीना खातून को मंगलवार सुबह को सांप ने काट ली। सांप कटने के करना खबर लिखे जाने तक पता नहीं चला था। वही बताया गया कि गौ. हमन सांप ने कटी है। वही घरवालों ने आनन फानन में बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल ले गया है जहाँ इलाज चल रहा है।

APEM LIVE

## समाजसेवी बैजनाथ महतो की पहली पुण्य तिथि मनाई गई

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**





आज गिरिडीह जिला अंतर्गत सदर प्रखंड स्थित खावा पंचायत के नावाडीह (पथला नावाडीह) में समा. जसेवी सह भगत जी के नाम से मशहूर दिवंगत बैजनाथ महतो की पहली पुण्य तिथि मनाई गई। साथ ही उनकी आदम कद प्रतिमा को उनके समाधि स्थल पर स्थापित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पूजन अर्चन किया गया। भगत जी के बड़े पुत्र प्रकाश वर्मा ने पुरोहित के सानिध्य में विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने दिवंगत पिता के चरणों में श्रद्धासुमन सपरिवार अर्पित किया। आज के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गांडेय विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा उपस्थित थे। समाजसेवी बैजनाथ महतो के प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा ज़ी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी अनुसार समाजसेवी बैजनाथ महतो की मृत्यू विगत वर्ष 19/04/2021को कोरोना संक्रमण की चपेट में आने से हो गई थी। उनका जन्म सन् 1948ईस्वी में हुई थी। वे सीधे सादे, सरल स्वभाव मृदुभाषी मिलनसार और गांव समाज कल्याण के प्रति समर्पित भाव रखने वाले इंसान थे। वे 73वर्ष की आयु में इस दुनियां को अलविदा कह गए। उप. स्थित ग्रामीणों ने बताया कि आज से लगभग 45वर्ष पूर्व उन्होने अपनी पैतृक भूमि पर मनोकामना शिव पार्वती मंदिर का निमार्ण किया, जिसे बाद में मंदिर और मंदिर परिसर की भूमि को ग्रामीणों को दान कर दिया जिसके बाद यह मंदिर और भूमि सार्वजानिक घोषित कर दिया गया। आज भी इस मंदिर की साफ सफाई और पूजन अर्चन समाजसेवी बैजनाथ महतो के परिवार वाले ही करते आ रहे हैं जिनमे समस्त ग्रामीणों की सहमति शामिल है। आज इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि भगत जी के नाम से मशहूर दिवंगत बैजनाथ महतो सभी के मन मस्तिष्क और दिलों में जिंदा है, उसे कभी भुलाया नही जा सकता है। समाज के प्रति उनका लगाव और प्रेम भुलाए नहीं भुलाया जा सकता है। मैं उनके पहली पुण्य तिथि पर उन्हें कोटि कोटि नमन करता हूं और श्रद्धांजली अर्पित करता हूं। खावा पंचायत के पूर्व मुखिया और पुनः मुखिया प्रत्याशी के रूप में खड़े मोहन मंडल ने कहा कि मैने भगत जी बैजनाथ महतो से बहुत कुछ सीखा और उनसे हमेशा मुझे मार्गदर्शन मिलता रहता था। उनका इस दुनियां से विदा होने के उपरांत पूरे खावा पंचायत में एक सूनापन सा छा गया है। उनकी कमी आस पास के क्षेत्रों के ग्रामीणों को हमेशा खलती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधी महेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि भगत जी के की अकाल मृत्यु के बाद जो कमी आई है उसे भरना या पाटना नामुमकिन है। उसकी कमी हमेशा खलेगी। आज इस कार्यक्रम में उप. स्थित सभी ग्रामीणों ने उनके प्रतिमा और समा. धिस्थल पर नम आंखों से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित किया। इस कार्यक्रम में आस पास के क्षेत्रों से आए भगत जी के अनुआइयों ने भी प्रतीमा पर मल्यार्पण कर समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित किया। आज के इस कार्यक्रम में उपेंद्र वर्मा, लखनलाल वर्मा, बहादुर प्रसाद वर्मा, देवनंदन वर्मा, जयनारायण वर्मा, सुनिल वर्मा, बंधन वर्मा, सुकर पंडित, बद्री राणा, जगदीश महतो, अशोक यादव बलदेव यादव, तालेवर यादव, हिरामन यादव, रीता वर्मा प्रमिला देवी झुनवा देवी, प्रमिला देवी, द्रोपदी देवी, भगत जी के दोनों पुत्र प्रकाश वर्मा, राजकुमार वर्मा एवं भगत जी की पत्नि टेकनी देवी सहीत सैंकड़ों लोग मौजूद थे।



बेन्दगी पंचायत के युवा समाजसेवी,
सुयोग्य, कर्मठ, शिक्षित,
भावी मुखिया प्रत्याशी
युवा नेता दिनेश साव
को अपना आशीर्वाद दें।

घोषणा पत्र

1. पूरे पंचायत में योग्य नागरिकों को वृश पेंसन से जोड़ना !
2. समस्त पंचायत में छूटे हुए नागरिकों का राशन कार्ड से जोड़ना !
3. पूरे पंचायत में योग्य नागरिको को आवास योजना से लाभान्वित करना !
4. पूरे पंचायत में सड़क, पीसीसी पथ एवं पक्की नाली का निर्माण !
5. महिला शशक्तिफकरण पर जोर देना !
6. गाँव के विकाश के लिए युवाओं व बुजुर्गों के बीच एक सलाहकार समिति का गठन करनाए एवं विकास के मुद्दों पर समय समय विचार विमर्श करना!

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बार-बार हो रही सड़क जाम को लेकर उपायुक्त से बाईपास रोड बनवाने की मांग

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


उपायुक्त से मुलाकात करते लोग।

बड़कागांव मुख्य चौक हजारीबाग रोड,बादम रोड एवं टंडवा रोड पर हो रही बार-बार सड़क जाम को लेकर राजेश गुप्ता, कजरू साव एवं सोनू इराकी ने उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर बाईपास रोड बनवाने एवं ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था कराने की मांग की है। राजेश गुप्ता ने कहा कि पिछले एक दशक से बड़कागांव प्रखंड मुख्य चौक से हजारीबाग एवं टंडवा रोड पर बार-बार सड़क जाम हो रही है। जिसके कारण राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कभी-कभी मरीज ले जा रहे एंबुलेंस को भी सड़क जाम में फंसे हुए देखा जा रहा है। सरकार को इस विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में शोक सभा किया गया

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में मंगलवार को गोपेश कुमार घोष की मृत्यु पर शोक सभा किया गया।मौके पर आचार्य परिवार और भैया-बहनों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने उन्हें नमन करते हुए बताया कि गोपेश कुमार घोष विद्या भारती के एक कर्मठ,मधुर व्यवहार के धनी,आचार्य हित चिंतक एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे।गुमला विद्यालय से अपना कार्य प्रारंभ करते हुए क्षेत्र सह-सचिव (उत्तर पूर्वी क्षेत्र)के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।वे विद्या भारती के एक स्तम्भ के रूप में जाने जाते थे।उनकी आक. स्मिक मृत्यु से विद्यालय परिवार मर्माहत है।शोक सभा में समस्त आचार्य-दीदी उपस्थित थे।

## जब राजनीति विज्ञान से प्रोफ़ेसर बना जा सकता है तो +2 शिक्षक क्यों नहीं : लेखक बिपिन कुमार

### राज्य के +2 विद्यालयों में राजनीति विज्ञान शिक्षक को शामिल करने की उठ रही है माँग

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


विपिन कुमार

राज्य के सरकारी + 2 स्कूलों में राजनीति विज्ञान के शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है।राज्य की स्थापना के बाद 2012 और 2016 में +2 विद्यालयों में हिन्दी,अंग्रेजी,संस्कृत, भ. ूगोल ,अर्थशास्त्र व विभिन्न पीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति हुई पर राजनीति विज्ञान की शिक्षकों की नियुक्ति के आवेदन नहीं मांगे गये। जबकि +2 स्कूलों में राजनीति विज्ञान विषय को पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या काफ़ी है,पर राजनीति विज्ञान का शिक्षक नहीं है।जब राजनीति विज्ञान से प्रोफ़ेसर बना जा सकता है तो +2 शिक्षक क्यों नहीं।यह बातें पॉलिटिकल साइंस स्कैनर के लेखक बिपिन कुमार ने कहा। आगे कहा कि 2020 में हाईकोर्ट के आदेश पर नियुक्त समिति ने राजनीति विज्ञान,समा. जशास्त्र व उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति में शामिल करने की सिफारिश भी की है पर इस मामले पर सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया है। एक सप्ताह पूर्व अख़बारों में प्रकाशित + 2 शिक्षकों से सम्बधित आगामी वैक. ेंसी की ख़बर में राजनीति विज्ञान के अलावा समा. जशास्त्र व उर्दू विषय को शामिल नहीं किया है।इससे शिक्षक बनने वाले अभ्यर्थियों में नाराजगी है।लेखक ने आगामी वैकेंसी में राजनीति विज्ञान समाजशास्त्र व उर्दू के शिक्षकों की नियुक्ति की माँग की है।

## पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम जारी किया भाकपा माले गिरिडीह ने

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**

असामाजिक तत्वों और उन्हें संरक्षण देनेवालों को चिन्हित कर कार्रवाई करे पुलिस, नहीं तो होगा आंदोलन – भाकपा माले। नेता कॉमरेड राजेश यादव भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कल कर्णपुरा में बाबूलाल चौधरी के निर्माणाधीन मकान पर हमला करने वाले असामा. जिक तत्वों सहित उन्हें संरक्षण देने वाले स्थानीय दलालों को भी चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से करते हुए कहा कि, यदि दहशतगर्दी का यही माहौल जारी रहा तो उनकी पार्टी स्थानीय पुलिस के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होगी। भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, बा. बूलाल चौधरी एक गरीब किसान हैं और अपनी थोड़ी बहुत जमीन पर पुरखों से शांतिपूर्ण तरीके से काबिज हैं। अब वे अपनी सड़क किनारे की एक जमीन पर मकान बना रहे हैं, जिसका खाता 12, प्लॉट 82 व रकवा 38 डिसमिल है। लेकिन, उनकी जमीन पर स्थानीय दलालों और बाहर के कुछ भू-माफियाओं की नजर लगी हुई है, जिसे वे किसी भी तरह से हड़प लेना चाहते हैं। इसलिए एक सा. जिश के तहत बाबूलाल के वंशज के, अपने हिस्से से अधिक जमीन बेच कर दूसरे गांव में कई दशक पूर्व में बस चुके, परिवार के लोगों को फर्जी तरीके से खड़ा कर विवाद खड़ी करवा रहे हैं। जबकि बा. बूलाल चौधरी की अपनी उक्त जमीन पर कई दशकों से न सिर्फ शांतिपूर्ण दखल कब्जा है, बल्कि सड़क चौड़ीकरण के समय उन्हें सरकार से मुआवजा भी मिल चुका है। जमीन सम्पूर्ण तरीके से बाबूलाल चौधरी की ही है, जो सरकारी रिकॉर्ड में भी दर्ज तथा ऑनलाइन करेंट रसीद निर्गत है। कहा कि, सारा मामला एन एच बनने के बाद जमीन का वैल्यू बढ़ने के कारण उत्पन्न हुआ है, जिसमें स्थानीय दलाल पुलिस को गुमराह करके बाबूलाल चौधरी के परिवार को परेशान कर रहे हैं। कल की घटना भी सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई है। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से बेंगाबाद थाना में आवेदन भी दिया गया है। लेकिन पुलिस असामाजिक तत्वों की ओर से जिस तरह आंख मूंदे हुए है, उससे उनकी भूमिका संदिग्ध है। यह सब नहीं चलेगा। इस मामले के सभी दोषियों पर पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करे, अन्यथा माले आम लोगों को एकजुट कर आंदोलन करने को विवश होगी।

## विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्र के विभिन्न वैवाहिक समारोह में किया शिरकत

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


शादी समारोह में शामिल विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में हो रही वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल हुई। सोमवार को विधायक अंबा प्रसाद ने नवविवाहित दंपति से मुलाकात कर सुखमय दांपत्य जीवन की शुभक. ामनाएं रही है। इस क्रम में अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड के चेपाखुर्द निवासी पदुम साव की बेटी के विवाह समारोह, गुरुचट्टी निवासी शिव दयाल महतो की बेटी की शादी, बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के भतीजा का तिलक समारोह, सिकरी निवासी कैलाश साव की बेटी की विवाह समारोह एवं डोकाटांड निवासी अजित साव के निवास स्थल में प्रीतिभोज में शामिल हुई।

## रोजेदारों के सब्र का इम्तिहान ले रही है गर्मी अल्लाह को राजी करने में लगे हैं रोजेदार

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

चिलचिलाती धूप, भीषण गर्मी, के बावजूद रोजेदार अल्लाह को राजी करने के लिये रोजा रख रहे है। कहा गया है की, रमजान माह सबसे पवित्र व रहमत के साथ साथ नेमतों का महीना है। इस महीना में रहमतों वाली रात को शब्बे कदर कहते है। इस रात में अगर बंदा अल्लाह की इबादत दिल से करता है तो उसे सैकड़ों वर्षो की इबादत का सवाब अल्लाह देता है। इसके साथ ही इस माह में एक नेकी पर अल्लाह सत्तर नेकी देता है। इस माह में एतकाफ का बहुत ही महत्व है। एतकाफ करने वाला इंसान एकांत कमरे में बैठ कर अल्लाह की इबादत करता है। इस दौरान वह केवल अल्लाह की इबादत करता है। अल्लाह से पूरी कौम की सलामती की दुआ करता है। एतकाफ करने वाले के साथ पूरी बस्ती के लोगों का गुनाह माफ होता है। तरावीह का अलग है, मुकामरू प्रखंड के डाड़ी कला गांव में तरावीह पढ़ा रहे हाफिज अज़हर अल्ताफ कहते है रोजा के साथ पांच वक्त का नमाज और तरावीह पढ़नी चाहिए। एक रोजा किसी ने भी छोड़ा तो एक रोजा के बदले अगर लगातार दो माह तक भी रोजा रखेगा तब भी एक रोजा का सवाब पूरा नही होगा। प्रखंड के बादम, बड़कागांव, चौपदार बलिया, सिरमा ,डाड़ी कला, चेपा खुर्द आदि प्रखंड के सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी जा रही है।

## कृष्ण दयाल महतो की पुण्यतिथि मनाई गई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


स्वगहृय कृष्ण दयाल महतो।

बड़कागांव नटराज नगर निवासी भूतपूर्व बीएसएफ जवान कृष्ण 0दयाल महतो की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर पुत्र विशाल कुमार ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि के मौके पर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कृष्ण दयाल महतो के साथ बिताए यादों को ताजा किया। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से पुत्र विशाल कुमार, पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविंद ओझा, उपाध्यक्ष केपी मेहता, सचिव मि. थलेश पांडे, उपसचिव महादेव प्रसाद, कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार, सलाहकार चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा, मार्कुश लकड़ा, किशोरी किसुन, राजेश कुमार, पवन कुमार, संकर सिंह, रितेश सिंह, अजीत सिंह, सुरेश दांगी, दिलीप सिंह के अलावा कई पूर्व सैनिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चायत चुनाव होगा या नही, संशय में उम्मीदवार, कोर्ट के आदेश का है इंतजार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद पहले चरण का चुनावी प्रक्रिया शुरू भी हो चुका है। पहले चरण के लिए कई उम्मीदवारो ने अपना नामांकन भी कर लिया है और कई उम्मीदवार नामांकन की तैयारी में लगे है। इन सबके बीच आगामी 21 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण को लेकर आने वाले फैसला पर टिका हुवा। उम्मीदवारो के लिए संशय का कारण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर चुनाव स्थगित करना बना हुआ है। कई उम्मीदवारो ने तो अपना पत्ता भी नही खोला है। अगर सुप्रीम कोर्ट पंचायत चुनाव पर रोक नही लगाता है तो उम्मीदवारों के चेहरे पर खुशी बना रहेगा। अगर चुनाव पर रोक लगता है तो उम्मीदवारो का तैयारीयो पर पानी फिर जाएगा। कोरोना महामारी के कारण पहले ही पंचायत चुनाव दो वर्षो तक टलता आ रहा है। सभी की निगाहें आगामी 21 अप्रैल पर टिका हुवा है। मालूम हो कि राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण को हटाकर चुनाव की घोषणा कर दिया। सरकार के फैसले के खिलाफ गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने जनहित याचिका दायर करते हुए ओबीसी आरक्षण की बात कहकर पंचायत चुनाव पर रोक लगाने के मांग किया है।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार